Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार सच का साथी दिनांक 19-03-2023 अंक 516

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### झारखंड मुक्ति मोर्चा के पंचायत कमिटी का हुआ विस्तार



**अपेम लाइव : लातेहार**

बरवाडीह/लातेहार : झारखंड मुक्ति मोर्चा लातेहार जिला कमिटी के निर्देशानुसार आज रविवार को बरवाडीह प्रखंड अध्यक्ष अफ़ज़ल अंसारी के उपस्थिति में प्रखंड सचिव बाबुराम सिंह के अध्यक्षता में केचकी पंचायत के केचकी महुराम टोला के चबुतरा पर बैठक हुई। जहां केचकी पंचायत के नये पंचायत अध्यक्ष सरोज देवी, सचिव निर्मल कुमार सिंह , उपाध्यक्ष देवरानी देवी , उपाध्यक्ष श्याम सुंदर सिंह , सदस्य सरस्वती देवी , पूनम देवी ,शारधा देवी,दिनानाथ सिंह, बबीता देवी, प्रतिमा देवी, अंझोला देवी , जेएमएम प्रखंड उपाध्यक्ष सह बीस सूत्री सदस्य महबुब आलम समेत काफी संख्या में झामुमो नेता,कार्यकर्ता और पार्टी पदाधिकारी गण रहें उपस्थित।

### सरहुल को लेकर बैठक संपन्न, तैयारियां पूर्ण



**अपेम लाइव : लातेहार**

लातेहार : सरना समिति सह पड़हा द्वारा लातेहार के वासा ओड़ा में बैठक कर आगामी 24 मार्च को आदिवासियों का प्रकृति पर्व सरहुल महोत्सव धूमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया गया है।उक्त महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में लातेहार विधायक बैद्धनाथ राम एवं मनका विधायक रामचंद्र सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में जबकि उपायुक्त भोर सिंह यादव मुख्य संरक्षक पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन सम्मानित अतिथि के रूप में शामिल होंगे, वहीं रोशन कुमार वन प्रमंडल पदाधिकारी लातेहार आलोक शिकारी कच्छप डीडीसी सह एससी लातेहार बिंदेश्वरी ततमा निदेशक आईटीडीए लातेहार के तमाम पदाधिकारी भाग लेंगे।इस पर्व की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है।सरना समिति ने लोगों से आग्रह किया है की आदिवासी वासाओड़ा के सरहुल पर्व महोत्सव में भाग ले।साथ ही सरहुल का शोभा यात्रा तीन बजे वासाओड़ा से प्रारंभ होकर पांच बजे शाम तक उरदाटांड़ रेहड़ा लातेहार तक जाएगी और पारितोषिक वितरण के साथ समाप्त हो जायेगी

## 68 कांडों का मुख्य आरोपी 10 लाख के इनामी माओवादी चंदन खरवार को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**

लातेहार : लातेहार पुलिस को भाकपा माओवादियों के खिलाफ एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है । पुलिस ने छापेमारी कर भाकपा माओवादी के जोनल कमांडर चंदन खरवार उर्फ संजीवन जी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से दो इंसास राइफल, 370 जिंदा गोली, सात मैगजीन, चार डायरी समेत अन्य सामान बरामद हुए हैं।आईजी राज कुमार लकड़ा ने रविवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि लातेहार एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि भाकपा माओवादी संगठन का एक दस्ता बूढ़ा पहाड़ से भागकर लातेहार जिले के मनिका और हेरहंज थाना क्षेत्र के जंगलों में रुका हुआ है। इस सूचना पर पुलिस की छापेमारी टीम ने चंदन खरवार की घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से दो इंसास राइफल और 370 जिंदा गोली के अलावे अन्य सामान भी बरामद हुए। आईजी ने कहा कि लातेहार पुलिस की यह एक बड़ी कामयाबी है। अभियान में शामिल सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को पुरस्कृत किया जाएगा।वहीँ लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने पत्रकार वार्ता में बताया कि बूढ़ा पहाड़ से भागने के बाद माओवादी अलग-अलग स्थानों में अपना ठिकाना बनाने की योजना बना रहे हैं। इसी क्रम में कुछ माओवादी लातेहार जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के इलाके में भी दहशत बनाने के लिए आए थे लेकिन पुलिस ने माओवादी के जोनल कमांडर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार माओवादी ने पुलिस को कई महत्वपूर्ण




जानकारी भी दी है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार जोनल कमांडर चंदन खरवार पर झारखंड राज्य के विभिन्न जिलों में 68 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस अभी इसके इतिहास को और खंगाल रही है। बरामदगी 1. दो(02) 5. 56डड का इन्सास रायफल 2. 5.56 डड का इन्सास 370 जिन्दा कारतूस 3. चार (04) पॉकेट डायरी 4. दो (02) वॉकी टॉकी 5. इन्सास रायफल का 07 लोडेड मैगजीन छापेमारी अभियान में बालूमाथ डीएसपी अजीत कुमार, पुलिस इंस्पेक्टर बबलू कुमार हेरहंज, थाना प्रभारी शुभम कुमार, मनिका थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार महतो, गौतम कुमार, प्रदीप कुमार राय समेत अन्य पुलिस के जवान शामिल थे।

## किशुन यादव को जिला परिषद उपाध्यक्ष संघ के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर बरही में गाजे बाजे के साथ हुआ जोरदार स्वागत

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**

हजारीबाग जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव का जिला परिषद उपाध्यक्ष संघ के प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर बरही सहित कई स्थानों पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान हजारीबाग, इचाक, पदमा, देवच. न्दा मोड़, बरही चौक, सामंतो पंप एवं उनके आवास पर समर्थको ने गाजे-बाजे के साथ जोरदार स्वागत किया। जिला परिषद उपाध्यक्ष संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव ने इस दौरान बरही की जनता का आभार जताते हुए रोड शो भी किया। इस दौरान समर्थकों ने फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया। रोड शो के पश्चात उन्होंने पत्रकारों के साथ अपने आवास पर प्रेस वार्ता का आयोजन किया। इस दौरान





उन्होंने बताया कि इस सफलता के पीछे बरही की जनता और अपने राजनीतिक गुरु पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव का आशीर्वाद है। कहा कि बरही की जनता एवं संघ ने उनकी जिम्मेदारी को और भी बढ़ा दिया है। मेरा उद्देश्य रहेगा कि प्रदेश स्तर से जो भी योजनाएं क्रियान्वित होगी, उसका लाभ बरही सहित पूरे प्रदेश के लोगों को दिला सकूं। उन्होंने बताया कि राजनीतिक शुरुआत उन्होंने बड़े संघर्षो के साथ किया लेकिन बरही की जनता ने उन्हें जो दायित्व सौंपा है, उसका निर्वहन पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ करूंगा। स्वागत कार्यक्रम के दौरान भाजपा युवा नेता रितेश गुप्ता, घनश्याम यादव, ब्रह्मदेव यादव, महेश यादव, मुखिया प्रतिनिधि मुकेश कुमार, मुखिया प्रतिनिधि मुकेश राम, दीनानाथ यादव, युगल यादव, सहदेव, मनोज यादव, अशोक यादव, सोनू यादव, रितेश गुप्ता, स्वतंत्रता सेनानी बालेश्वर यादव सहित सैकड़ों समर्थक शामिल थे।

## डीस्ट्रीक्ट लेवल मोटर अधिनियम एवं सड़क दुर्घटना पर कार्यशाला सह संगोष्ठी का आयोजन

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**

लातेहार : नालसा, नई दिल्ली और झालसा, रांची के निर्देश पर सदर प्रखंड के सभागार में एकदिवसीय डीस्ट्रीक्ट लेवल मोटर अधिनियम एवं सड़क दुर्घटना पर कार्यशाला सह संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन अमीत कुमार, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय लातेहार, अब्दुल नसीर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी लातेहार, शशीभूषण शर्मा अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी लातेहार, स्वाति विजय उपाध्याय सचिव, जिला विधिक सेवा प्रा. धिकार, लातेहार, मिथिलेश कुमार अनुमंडलीय न्यायिक दण्डाधिकारी लातेहार, एके दास प्रभारी लोक अभियोजक लातेहार, संतोष कुमार मिश्रा डीएसपी लाते. हार, संतोष कुमार सिंह डीटीओ लातेहार, और लाते. हार बीडीओ के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं द्वारा मोटर अधिनियम एवं सडक दुर्घटना के संबंधित धाराओं पर विधिक जानकारी दी गई साथ ही साथ इस सं. बंध में व्यवहारिक एवं मुआवजा से संबंधित भी




जानकारिया दी गई । इस कार्यक्रम में दीपक कुमार मिश्रा, एसींस्टेंट एलएडीसी, राहुल कुमार, एसींस्टेंट एलएडीसी, अधिवक्ता, पुलिस पदाधिकारीगण और अन्य लोग उपस्थित थे।इस कार्यक्रम का संचालन स्वाति विजय उपाध्याय सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार ने किया तथा आगामी 13 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारी दी।

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने श्रीनगर विस्थापितों का मामला विधानसभा में उठाया

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड के श्रीनगर गांव के ग्रामीणों द्वारा हडाही विस्थापित संघर्ष समिति की ओर से विधायक सह निवेदन समिति सभापति उमाशंकर अकेला को चौपारण स्थित आवास में फूल माला पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ देकर जोरदार स्वागत किया गया। वहीं विधायक उमाशंकर अकेला ने लोगों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन्होंने हम सभी विस्थापितों का मामला विधानसभा में उठाकर हमलोगों के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई है, इसे लोगों में आशा की किरण दिखाई दिया है। इस संदर्भ में बरही विधायक श्री अकेला ने कहा कि श्रीनगर विस्थापितों को न्याय दिलाने के लिए लगातार उनके द्वारा प्रयास किया जा रहा है। विधानसभा में आवाज उठाने से लेकर डीवीसी के तमाम पदाधिक. ारियों से वार्ता हुई। बावजूद इसके संघर्ष का दौर जारी है। श्रीनगर के लोगों को उनका हक और हुकुक दिलाकर ही रहूंगा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि छद्दू गोप, हडाही विस्थापित संघर्ष समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र यादव, उपाध्यक्ष सुखदेव यादव, सचिव इन्द्रदेव यादव, कोषाध्यक्ष विजय गुप्ता के अलावा सदस्यों में सुरेश यादव, दिनेश यादव, सुरेश यादव, ब्रह्मदेव यादव, बिशुन यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## संस्कार युक्त शिक्षा एवं सनातन संस्कृति की रक्षा एकल सेवाव्रती कार्यकर्ता का मुख्य उद्देश्य : दयानंद

### बरही में हुई एकल विद्यालय के सेवाव्रती कार्यकर्ताओं की वार्षिक समीक्षा बैठक

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



एकल विद्यालय के सेवाव्रती कार्यकर्ताओं की वार्षिक समीक्षा बैठक अंचल कार्यालय बरही में हुई। बैठक की अध्यक्षता एकल विद्यालय हजारीबाग अंचल अध्यक्ष दयानंद चौरसिया एवं संचालन सचिव कृष्णा प्रजापति ने किया । बैठक में हजारीबाग अंचल के सभी संच प्रमुखों से संच वाइज वार्षिक रिपोर्ट जमा कर समीक्षा किया गया। साथ ही भौतिक सत्यापन करने का निर्णय लिया गया। हरिकथा योजना की जानकारी अंचल व्यास से ली गई। सभी संच प्रमुखों ने अपने अपने संच में चल रहे पंचमुखी शिक्षा योजना की जानकारी दी। बैठक में में बताया गया की सामाजिक सहयोग से सभी संच प्रमुखों को गणवेश दिया जायेगा। इसके लिए अध्यक्ष दयानंद जी को दायित्व दिया गया। वही सभी संच प्रमुख एवं सेवाव्रती कार्यकर्ताओं को अंचल समिति की ओर से परिचय पत्र दिया जाने का निर्णय लिया गया। इसकी जिम्मेवारी अंचल सचिव को दिया गया। कार्यालय प्रमुख मनोज कुमार ने बताया की कुछ संच प्रमुख अपनी मासिक रिपोर्ट समय पर जमा नही करते है। जिससे परेशानी होती है। सभी को हिदायत दिया गया की सभी लोग समय पर अपनी रिपोर्ट कार्यालय को सौंपे। सभी ने नव वर्ष में नई ऊर्जा से सामाजिक कार्य करने की प्रतिबद्धता दुहरायी। मौके पर अंचल व्यास अजय यादव, पदमा व्यास मोहित पाठक, नरेश पासवान, संच प्रमुख शीला देवी, सरिता देवी, देवन्ती देवी, नंदकेशरी देवी, जयंती देवी, फूलचंद कुशवाहा, धनंजय पांडेय, प्रकाश प्रजापति, महेंद्र कुमार, सुषमा देवी, संजू देवी, लक्ष्मी देवी, रूपा देवी, गीता देवी आदि लोग मौजूद थे।

## संगठित और एकजुट होकर विश्व हिंदू परिषद के सिद्धांतों के अनुरूप कार्य करें कार्यकर्ता : दीपक ठाकुर

### विश्व हिंदू परिषद की एक दिवसीय कार्यशाला का अयोजन, निरंजन केशरी बने प्रखंड उपाध्यक्ष

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल विहिप के लोग

विश्व हिंदू परिषद बरही इकाई की पंचायत स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम रविवार को होटल आकाश पैलेस में संपन्न हुआ ।इस कार्यक्रम का अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष नंद किशोर कुमार एवं संचालन प्रखंड मंत्री कैलाश ठाकुर ने की । इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड प्रांत बजरंग दल संयोजक दीपक ठाकुर, जिला मंत्री अरविंद मेहता एवं जिला मिलन प्रमुख सुमंत पांडेय सशरीर उपस्थित हुए । सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ मुख्य अतिथि के द्वारा इस कार्यक्रम की शुरुआत की गई। तत्पश्चात परिचय का कार्यक्रम किया गया और मुख्य अतिथियों को अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया । इस कार्यक्रम में बरही प्रखंड के 7 पंचायत के सभी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करते हुए प्रांत संयोजक दीपक ठाकुर ने कहा कि हमें विश्व हिंदू परिषद के कार्य योजना के तहत नियमित रूप से सभी कार्यक्रमों का सफल संचालन करना है । इसके लिए हमें ग्राम स्तर तक संगठित और मजबूत संगठन खड़ा करने की आवश्यकता है । यह कार्य तभी संभव है जब प्रखंड इकाई एवं पंचायत स्तरीय इकाई ग्राम स्तर पर सुयोग्य अनुभवी एवं सनातन की भावना से ओतप्रोत प्रशिक्षित कार्यकर्ता संगठन निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। यदि प्रशिक्षित कार्यकर्ता संगठन निर्माण की कार्य योजना को मूर्त रूप देते हैं तो बनने वाला संगठन भी एक प्रकार से प्रशिक्षित संगठन हो जाएगा ।ऐसी स्थिति में ना सिर्फ गांव बल्कि पंचायत प्रखंड जिला और राज्य को भी मजबूती प्राप्त होगी। इस हेतू 21 मई से 31 मई तक लगने वाले प्रशिक्षण शिविर में उन्होंने अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं के शामिल होने का आह्वान किया और कहा कि आप प्रशिक्षित होकर सनातन समाज को एकजुट करने का कार्य करें। इस कार्यक्रम के दौरान जिला मंत्री अरविंद मेहता ने बरही गया रोड निवासी नि. रंजन केसरी को प्रखंड उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा और उम्मीद जताया की उपाध्यक्ष बनने के साथ बरही क्षेत्र का कार्य और बढ़ेगा । इस कार्यक्रम में उपरोक्त पदाधिकारी के अलावा जिला प्रचार प्रसार प्रमुख मिथिलेश कुमार, जिला गौरक्षा प्रमुख इंद्रदेव प्रसाद गुप्ता , प्रखंड बजरंग दल संयोजक अरविंद कुमार ,बजरंग दल सहसंयोजक नितेश कुमार, बजरंग दल सुरक्षा प्रमुख सिकंदर कुमार, बजरंग दल मिलन प्रमुख मुन्ना सोनी, बरसोत पंचायत अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, करसो पंचायत मंत्री उपेंद्र सिंह, रंजीत कुमार यादव मलकोको पंचायत अध्यक्ष ,सहित प्रयाग यादव ,विजय यादव ,सतीश कुमार ,पंकज कुमार यादव, सत्येंद्र कुमार ,अभिषेक कुमार, भानु कुमार ,राहुल कुमार ,दिनेश कुमार ,विशाल कुमार राणा, उदय कुमार ,प्रदीप कुमार कुशवाहा, सुनील प्रसाद ,मनोज कुमार वर्मा, मनोज कुमार यादव सहित अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित थे।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## झामुमो के प्रखंड स्तरीय बैठक का आयोजन

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड स्तरीय सोनी धर्मशाला मैं बैठक का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष किशोर राणा एवं संचालक प्रखंड सचिव वासुदेव यादव ने किया बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 4 अप्रैल को हजारीबाग में झारखंड मुक्ति मोर्चा का 44 वा स्थापना दिवस को सफल बनाने को लेकर के चर्चा किया गया ,किशोर राणा ने कहा झारखंड सरकार के द्वारा जो भी योजना चलाया जा रहे हैं उनको लाभ उठाएं गरीब व्यक्तियों के लिए कल्याण विभाग के द्वारा बहुत सारी योजनाएं है उस योजना का लाभ उठाएं और झारखंड मुक्ति मोर्चा आंदोलन पार्टी है हम लोगों को आगे होने की जरूरत है और झारखंड मुक्ति मोर्चा का कार्यकर्ता सम्मेलन भी किया जाएगा ,सदस्यता अभियान चलाया जाएगा ,मुखिया इलियास अंसारी ने कहा झारखंड मुक्ति मोर्चा का झंडा प्रत्येक लोग अपने अपने घर में लगाएं तभी आपका पहचान होगा मौके पर उपस्थित झामुमो वरिष्ठ नेता सह मुखिया इलियास अंसारी ,झामुमो वरिष्ठ नेता सह प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां, युवा नेता संजय भुइयाँ, दीपन साव, नन्दकिशोर भुइयाँ,बसंत ठाकुर,अरविन्द महतो, लालचंद यादव, पवन तूरी ,अशोक कुमार गुप्ता, जानिसार आलम, उमेश कुमार ,बरजु राम, टेकलाल प्रजापति ,मोहम्मद मुख्तार ,बबलू अंसारी , मोहम्मद सागर हरि राम ,शौकत अली, रामचंदर भुइयाँ, नरेश राणा ,गोपाल शर्मा ,सुरेश यादव, रेवा पासवान ,हरिलाल मांझी बाबूलाल सोरेन इत्यादि सैकड़ों लोग उपस्थित थे

## राजहार अखाड़ा रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष बने राहुल

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**




लातेहार : शहर के रेलवे स्टेशन रोड में राजहार अखाड़ा रामनवमी पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक में सर्वसम्मति से श्री राम नवमी पूजा समिति के पदाधिकारियों का चयन किया गया।जिसमें अध्यक्ष राहुल रंजन एवं सचिव ओम प्रकाश कुमार को बनाया गया।जबकि उपाध्यक्ष पवन कुमार एवं कोषाध्यक्ष प्रभात कुमार को बनाया गया है। संरक्षक मंडली में चंद्रेश्वर प्रसाद शौण्डिक, रामदेव प्रसाद, चंद्रदेव प्रसाद, गोविंद प्रसाद, गजेंद्र प्रसाद, विशाल चंद्र साहू को शामिल किया गया है।वहीँ दीपक कुमार, मुकेश कुमार, राजू कुमार, चंदन कुमार, रोहित कुमार सोनी, अभिषेक कुमार, शंकर साहू, सुमित कुमार (कुकू), सुनील कुमार, अमर कुमार, रवि कुमार, अमोद कुमार, ओम प्रकाश कुमार व चंदन कुमार पंडित को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।इसकी जानकारी देते हुए राहुल रजंन ने समिति के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से तन मन धन से सहयोग करने की अपील की है।

## भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान गौरियाकर्मा में किसानों को दिया प्रशिक्षण

### झारखंड में पोषण एवं आजीविका सुरक्षा पर मिली जानकारी, किसानों ने की संस्थान का भ्रमण

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, गोरिया करमा में नाबार्ड संपोषित योजना ष्झारखंड में पोषण एवं आजीविका सुरक्षा हेतु धान – परती पारिस्थितिकी तंत्र में दलहनी फसलों की सतत गहनताष के अंतर्गत किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बरही, देवचंदा, गोरिया करमा, कजरा, पदमा, विष्णुगढ़, दारू तथा हजारीबाग से करीब 50 किसानों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक डо सनत कुमार महंता एवं अन्य वैज्ञानिक उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का शुभारंभ श्री अन्न सम्मेलन में प्रधानमंत्री के राष्ट्रीय संबोधन को ऑनलाइन सुनने के बाद किया गया। तत्पश्चात डॉ अनिमा महतो, वैज्ञानिक (आनुवंशिक एवं पादप प्रजनन) तथा योजना अन्वेषक ने कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए किसानों को चना एवं मसूर की उन्नत किस्मों से अवगत कराया तथा बीज उत्पादन के तकनीकों की जानकारी दी। उन्होंने किसानों को बीज के विभिन्न वर्गो तथा बीज प्रमाणीकरण की प्रक्रिया के विषय में भी बताया। डо मोनू कुमार, वैज्ञानिक (आनुवंशिक एवं पादप प्रजनन) ने अरहर की उन्नत किस्मों तथा अरहर में गुणवत्ता बीज उत्पादन की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। उन्होंने दलहनी फसलों में होने वाले रोगों तथा उनके प्रबंधन के बारे में भी जानकारी दी। डॉ एस के महंता, प्रधान वैज्ञानिक (पशु पोषण) ने पशुओं के खाद्य प्रबंधन के विषय में बताया ताकि रबी मौसम में चारगाह पशुओं से फसलों की रक्षा की जा सके तथा अधिक से अधिक धान – परती भूमि को दलहन की खेती के लिए प्रयोग में लाया जा सके। डॉ आशा कुमारी, वैज्ञानिक (पादप कार्यिकी), ने दलहनी फसलों में पोषक तत्त्व प्रबंधन की जानकारी दी। डॉ पंकज कुमार सिन्हा, वैज्ञानिक (कृषि प्रसार) ने सामूहिक कृषि के माध्यम से बीज उत्पादन तथा उससे संबंधित उद्यमिता के अवसरों से किसानों को अवगत कराया। उन्होंने किसानों को संस्थान से जुड़कर गुणवत्ता बीज उत्पादन करने के लिए प्रोत्साहित भी किया। सभा में डॉ दीपक कुमार गुप्ता वैज्ञानिक (पर्यावरण विज्ञान) भी उपस्थित थे। सभी किसान इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से अत्यंत प्रोत्साहित तथा लाभान्वित हुए। संस्थान के प्रक्षेत्र भ्रमण के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

# राज्य में सुनिश्चित हो कुशवाहा की राजनीतिक भागीदारी : कुशवाहा राकेश महतो

## जिला स्तर पर संयोजक मंडल बनाकर करें कमेटी का निर्माण : प्रवीण सिंह कुशवाहा

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**







बड़कागांव (हजारीबाग)– राज्य समेत पूरे देश में कुशवाहा की राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित हो और यह तभी संभव है जब हम सभी मिलकर संगठित रहेंगे और एक साथ वोट करेंगे उक्त बातें बतौर मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा राष्ट्रीय अध्यक्ष कुशवाहा राकेश महतो ने अपने संबोधन में हजारीबाग ज्ञान ज्योति मार्केट में आयोजित रा. जनीतिक भागीदारी एवं कमेटी विस्तार कार्यक्रम को अपने संबोधन में कहा आगे उहोंने कहा कि झारखंड राज्य में कभी तीन सांसद व छः विधायक हुआ करते थे लेकिन आपसी फूट के परिणाम स्वरूप आज हम लोग सिर्फ एक विधायक से ही संतोष कर रहे हैं जिसे 2024 में पूरा करना है जिसके लिए सभी राष्ट्रीय व राज्य स्तर के पदाधिकारियों को अपनी जिम्मेवारी ईमानदारी पूर्वक निभानी होगी । वहीं विशिष्ट अतिथि झारखंड प्रभारी सह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण सिंह कुशवाहा ने कहा कि जिला स्तर पर संयोजक मंडल बनाकर कमेटी का विस्. तार कर तेजी लाए जिसके लिए मनोनीत कमेटी को कठोर परिश्रम करने की जरूरत है।

पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि आपसी मतभेद को भुलाकर एक संगठन के तहत कार्य करने की आवश्यकता है तथा समाज को शिक्षित बनाकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के बाद ही राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित होगी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष कुशवाहा राकेश महतो व संचालन अधिवक्ता निशांत सिन्हा एवं अजीत देव के द्वारा किया गया। जिसकी शुरुआत उपस्थित सभी समाजसेवियों व अतिथियों द्वारा महामना गौतम बुद्ध के प्रतिमा पर समीप दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया गया साथ ही साथ उपस्थित सभी समाज के प्रबुद्ध जनों द्वारा गौतम बुद्ध के उपदेशों को आत्मसात किया गया। कार्यक्रम में मनोनीत प्रदेश अध्यक्ष अभय कुमार महतो द्वारा प्रत्येक जिला व प्रखंड के वरीय समाजसेवियों से उनकी विचार ली गई तथा संगठन को मजबूत बनाने को लेकर राष्ट्रीय निर्देशानुसार कार्य करने का संकल्प लिया गया।

मौके पर मुख्य रूप से अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा राष्ट्रीय अध्यक्ष कुशवाहा राकेश महतो ,विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह झारखंड राज्य प्रभारी प्रवीण सिंह कुशवाहा, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष अमन कुशवाहा ,प्रदेश अध्यक्ष अभय कुमार महतो, बसपा प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र वर्मा ,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिगंबर मेहता, अजीत देव ,उमेश दांगी ,राष्ट्रीय महासचिव अवधेश मेहता, विदेशी मेहता , भरत मेहता, नरेश कुमार, सुनील कुमार, बबलू कुशवाहा, विकास मेहता ,पन्नू महतो, नागेश्वर महतो, बबलू कुशवाहा, राजेश कुशवाहा प्राचार्य रामसेवक ,अधिवक्ता अनिरुद्ध कुमार, दिनेश कुशवाहा, टुकेश्वर प्रसाद, जयनारायण प्रसाद ,सुषमा देवी, चुरामणि, रेनू देवी, रीता देवी, वीणा देवी ,मालती प्रसाद ,सोनी कुशवाहा, बिना प्रसाद के साथ–साथ राज्य के सभी जिलों के वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद थे।

## प्रकृति पर्व सरहुल पूजा मनाने को लेकर केंद्रीय सरना समिति कान्हाचट्टी नें किया बैठक





**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

कान्हाचट्टी : रविवार को प्रखण्ड के सायल बगीचे में में केंद्रीय सरना समिति की बैठक हुआ।जिसमें 24 मार्च को सरहुल पर्व मनाने एवं शोभायात्रा निकालने को लेकर एक बैठक किया गया। , बैठक की अध्यक्षता समिति के सलहकार ड० प्यारेलाल भोगता नें किया। एवं संचालन सचिव दिलीप उरांव नें किया।बैठक में प्रखंड अध्यक्ष सिकेंद्र खरवार नें कहा है की जिला कमिटी के निर्देश पर 24 मार्च को होने वाले सरहुल पूजा महोत्सव सह शोभा यात्रा में हमारे कान्हाचट्टी प्रखंड से एक साथ सभी आदिवासी समाज के लोंग अपने अपने गाँव से सायल बगीचा में इकट्ठा होकर एक साथ रैली जुलुस लेकर चतरा चलना हैं और आगामी 27 मार्च 2023 को कान्हाचट्टी प्रखंड में सरहुल पूजा महोत्सव सह शोभा यात्रा प्रखंड के आदिवासी जनजातीय समाज के द्वारा पुरे संस्कृति परम्परिक रूप से धूमधाम के साथ सरहुल पूजा मनाई जाएगी, इसकी निर्णय केंद्रीय सरना समिति कान्हाचट्टी के पदाधिकारियों नें 19 मार्च 2023 को अहम् बैठक के दौरान लिया गया बैठक में शामिल सरना समिति के प्रखंड अध्यक्ष, सिकेंद्र खरवार, सचिव, दिलीप उरांव, सलाहकार डॉ प्यारेलाल भोगता, कोषाध्यक्ष, संदीप उरांव,सदस्य राजू सिंह खरवार,पूर्व प्रखंड अध्यक्ष बिजय उरांव,बिनोद सिंह भोगता, कृष्णा उरांव,छेदी उरांव, मंगर उरांव,आदिवासी महिला मोर्चा अध्यक्ष, सरिता उरांव, सचिव संगीता नाग, ललिता देवी खरवार,आदिया देवी, शिवानी कच्छप शामिल हुए

## बरवाडीह में बूथ सशक्तिकरण को लेकर भाजपा ने की बैठक

**अपेम लाइव : लातेहार**
**सनी वर्मा**



बरवाडीह/लातेहार : भाजपा प्रदेश कमेटी के निर्देश पर चलाए जा रहे हैं बूथ सशक्तिकरण अभियान को लेकर प्रखंड मुख्यालय के गढ़वाटॉड में बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान अभियान के प्रभारी के रूप में जिला परिषद की अध्यक्ष पूनम देवी ने शिरकत की । बैठक की शुरुआत के पूर्व राष्ट्रपति महामहिम द्रोपति मुर्मू के अभिभाषण को पढ़ने का काम दिव्या कुमारी के द्वारा किया गया ।जिसके बाद बैठक की रूपरेखा पर चर्चा करते हुए बूथ स्तर पर कमेटी के गठन करने का भी काम किया गया । इस अवसर पर पूनम देवी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संगठन को बूथ स्तर पर पूरी तरह से मजबूत बनाने को लेकर बूथ सशक्तिकरण अभियान चला रही है जिसका सार्थक परिणाम सभी प्रखंडों के साथ–साथ पूरे जिले में दिख रहा है ।जहां आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में पार्टी बूथ स्तर की मजबूती के दम पर दोनों चुनावों को पूर्ण बहुमत के साथ जीतने का काम करेगी । बैठक में जीप सदस्य सन्तोषी शेखर कार्यक्रम जिला प्रभारी रामदेव सिंह प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी उपप्रमुख वीरेंद्र जायसवाल सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद मुखिया कालो देवी पसस प्रवीण कुमार प्रखंड महामंत्री मनोज प्रसाद प्रदीप सिंह बैजनाथ प्रसाद अशोक प्रसाद दिलीप पासवान जितेंद्र कुमार समेत सभी बूथों के अध्यक्ष और पार्टी कार्यकर्ता समर्थक मौजूद थे ।




UDISE CODE - 20040105606 Arise Awake & Achieve

SWAMI VIVEKANANDA ACADEMY

Run And Managed By Vivekanand Education And Welfare Trust Barhi, Reg. No- 2020/BAR/1085/BK4/10
Charmile, Khorahar, Barhi (Hazaribag) 825405
Mob. : 9955067983, 9934680783
Email Id : swamivivekanandaacademy12@gmail.com, bkyadav683@gmail.com

Career Opportunities

Candidate with relevant teaching experience, fluent in English and should be qualified from JAC, CBSE

TEACHER REQUIREMENT

| Sl. No. | Post | Qualifacation |
|---|---|---|
| 1 | Pre Primary Teachers | Graduate Pre-Primary Certification |
| 2 | Primary Teachers | Graduate +B.ed, D.EL.ED |

Subject Teacher : English/ SST/Science

Applicant Candidate may Mail their details resume within 7 days to
Mail id : bkyadav683@gmail.com
WhatsApp : 9934680783
Principal : 9470318683

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## विश्व हिंदू परिषद बड़कागांव प्रखंड के द्वारा सेवा सुरक्षा अभियान चलाया गया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव प्रखंड विश्व हिंदू परिषद के द्वारा बड़कागांव के कई सार्वजनिक स्थलों का साफ सफाई किया गया। सफाई अभियान मठ – मंदिर एवं श्मशान घाट में चलाया गया। जिनमें राम जानकी मंदिर, राधे श्याम मंदिर, देवी मंडप और श्मशान घाट गुरुचट्टी आदि शामिल है। विश्व हिंदू परिषद बड़कागांव के द्वारा लोगों को संदेश दिया गया कि वे मठ मंदिरों एवं सार्वजनिक स्थलों का साफ सफाई करके रखें। बड़कागांव को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान दें। अपने दुकानों के बाहर कूड़ा करकट जमा करके ना रखें उसे निपटारा करें। योगदान देने वालों में मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद प्रखंड मंत्री पिंटू गुप्ता, सह मंत्री संतोष ठाकुर, जिला सेवा प्रमुख आंग्लेश सोनी, बजरंग दल सदस्य प्रमोद वर्मा, संयोजक प्रसाद दांगी, विनय गुप्ता, मनोरंजन सोनी के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## पांचमाधव बासरिया रामवामी पूजा समिति के अध्यक्ष बने विशेश्वर यादव वा सचिव अनिल यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


नव चयनित अध्यक्ष के साथ कमिटी के सदस्य

बरही प्रखंड अंतर्गत पंचमाधव पंचायत के ग्राम पांचमाधव बसरिया में रामनामी पूजा को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक चबूतरा पर हुई। जिसका अध्यक्षता टिकेश्वर यादव एवं संचालन प्रकाश ठाकुर ने किया। सर्वसम्मति से रामवमी पूजा समिति का गठन किया गया। जिसमे अध्यक्ष पद के लिए विश. ेश्वर यादव, सचिव अनिल यादव, कोषाध्यक्ष संतोष यादव, एवं पूजा समिति के संरक्षक में प्रकाश ठाकुर, बीरेंद्र यादव, लक्ष्मण ठाकुर ,बीरेंद्र सिंह को चयन किया गया है। सक्रिय कार्यकारिणी सदस्य में अबोध यादव, पप्पू सिंह, राजेश यादव, उदेश्वर यादव,सुरेंद्र यादव, अमित सिंह, योगेंद्र प्रजापति, राजेश कुमार, अजय कुमार, अविषेक कुमार, सूरज कुमार, राहुल कुमार एवं ओम प्रकाश यादव को बनाया गया है। इस अवसर पर कमिटी के सदस्यों द्वारा निर्णय लिया गया है। जिला प्रशासन की गाइडलाइन में रह कर शांतिपूर्ण तरीके से मंगला गुलूस एवं आकर्षित झांकी निकाली जाएगी। बैठक में मोहन ठाकुर, प्रसादी यादव, किशुन यादव, मुन्नी ठाकुर, नागेश्वर राणा, दिनेश यादव बीरेंद्र कुमार, पप्पू पंडित, अंजन ठाकुर, सूरज ठाकुर, सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

## मंडल कारा में जेल अदालत का सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**




लातेहार : मंडलकारा लातेहार में रविवार को जेल अदालत का आयोजन किया गया।इस आयोजन में राहुल कुमार, प्रथम श्रेणी न्यायिक दण्डाधिकारी, लातेहार ने कैदियों को जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर में अपने मुकदमें की स्थिति की जानकारी, गिरफ्तारी की तिथि, वाद संख्या की जानकारी एवं अपने उपर लगे आरोप की जानकारी रखने के संबंध में काराधीन कैदियों को जागरूक किया। इस कार्यक्रम में दीपक कुमार मिश्रा एसीस्टेंट एलएडीसी ने सभी कैदियों को कानूनी रूप से जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया एवं छोटे-मोटे मुकदमों में सुलह समझौता से संबंधित विशेष रूप से प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में बंदी से उनके समस्याओं के बारे में पुछा गया और उसके निराकरण का विधिक सलाह दिया गया।मौके पर मंडल कारा, लातेहार के अधीक्षक मेनशन बारवा, प्रभारी जेलर प्रदीप मुण्डा मंडल कारा, लातेहार एवं व्यवहार न्यायालय, लातेहार के कर्मचारी उपस्थित थे।

## डिवाइन स्कूल में शिक्षक अभिभावक बैठक





**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**

बरकट्ठा प्रखंड अंतर्गत गंगपाचो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल में नए सत्र को लेकर अभिभावक सह शिक्षक बैठक आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। प्राचार्य भानु प्रताप सिंह की अध्यक्षता में शिक्षक – अभिभावक बैठक हुई। जिसमें विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों के अभिभावकों और शिक्षकों ने भाग लिया। प्राचार्य ने उपस्थित अभिभावक एवं जनप्रतिनिधियों से बच्चों के विकास में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने ने सभी अभिभावकों से अपने बच्चों को निर्धारित समय पर स्कूल ड्रेस में विद्यालय भेजने तथा बच्चों को पढ़ाई के प्रति प्रेरित करने की बात कही। घर में बेहतर शैक्षिक वातावरण को बनाए रखने की सलाह दी जिससे बच्चों को पढ़ाई में मन लगा रहे विद्यालय निदेशक आई पी भारती ने कहा कि कुछ पेरेंट्स को लगता है कि उनका बच्चा स्कूल में बहुत अच्छा कर रहा है, तो पीपीएम में जाने की क्या जरूरत है? लेकिन आपके बच्चे के विकास से जुड़ी बातें तो स्कूल जाने पर ही पता चलती है। इसलिए आपको अपने बच्चे का विकास जानने के लिए विद्यालय आना आवश्यक है। जिससे उनकी कमियों को दूर किया जा सके। । बैठक में शिक्षक काशीनाथ महतो, कुलदीप पासवान, अनिल उपाध्याय, राजीव मोदी, देवेश चंद्रा, संजीव सिन्हा, विवेक कुमार, भरत मंडल, सौरभ सिन्हा, संगीता यादव, सुरेन्द्र कुमार, पुनित कुमार, अशोक पासवान, प्रीति प्रभा, शबनम खातुन, सुलेखा मोदी, राधा देवी समेत बड़ी संख्या में अभिभावक एवं शिक्षक उपस्थित थे।




